आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.10.2025 समय : 1905

- देश का सबसे बडा स्कूल हैकेथॉन– विकसित भारत बिल्डेथॉन 2025 का आयोजन।
- सरकार ने भारत–आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस प्रभाव शिखर सम्मेलन 2026 के अंतर्गत तीन वैश्विक प्रभाव चुनौतियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।
- द्वीप समूह से पन्द्रह किसानों का एक समूह दो अधिकारियों के साथ, शहद और छत्ते के उत्पादों के प्रसंस्करण और मूल्यवर्धित उत्पादों पर एक सप्ताह के प्रशिक्षण में भाग ले रहा है।
- वन प्रबंधन हेतु प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और संघर्ष समाधान कौशल पर एक सप्ताह के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आज उद्‌घाटन।

<><><><><><><>

देश का सबसे बडा स्कूल हैकेथॉन– विकसित भारत बिल्डेथॉन 2025 आज सुबह 10 बजे से रात 11 बजे तक आयोजित होगा। विकसित भारत बिल्डेथॉन एक राष्ट्रव्यापी पहल है जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों की रचनात्मक्ता और समस्याओं का हल तलाशने के कौशल को बढावा देने के लिए स्कूलों और शिक्षकों को आमंत्रित किया जाता है। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर नवाचार की संस्कृति को सशक्त बनाना है। इसमें विद्यार्थियों को चार थीम – आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, स्थानीय उत्पादों को बढावा देने यानी वोकल फॉर लोकल और समृद्ध भारत के विषय पर अभिनव प्रारूप तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। शिक्षा मंत्रालय ने अटल नवाचार मिशन और नीति आयोग के सहयोग से यह आयोजन किया है। आधिकारिक पोर्टल– vbb.mic.gov.in या schoolinnovationmarathon.org@registration पर इस आयोजन का सीधा प्रसारण होगा। बिल्डेथॉन के तहत एक करोड रूपये का पुरस्कार भी रखा गया है जिसे राष्ट्रीय स्तर पर 10 विजेताओं, राज्य स्तरीय 100 विजेताओं और जिला स्तर के 1000 विजेताओं में वितरित किया जाएगा।

<><><><><><><>

सरकार ने भारत–आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस प्रभाव शिखर सम्मेलन 2026 के अंतर्गत तीन वैश्विक प्रभाव चुनौतियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसकी कुल पुरस्कार राशि पाँच करोड़ पिचासी लाख

रुपये है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस वर्ष सितंबर में वैश्विक प्रभाव चुनौतियों के लिए आवेदनों की घोषणा की थी। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर है। वैश्विक प्रभाव चुनौतियाँ समावेशी, दयित्वपूर्ण और बडे पैमाने पर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस नवाचार को गति देने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। आवेदन आधिकारिक पोर्टल –डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट इम्पैक्ट डॉट इंडियाएआई डॉट जीओवी डॉट आईएन के माध्यम से जमा किए जा सकते हैं। चयनित नवाचारों को अगले वर्ष 19 से 20 फरवरी तक नई दिल्ली में भारत–आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस प्रभाव शिखर सम्मेलन 2026 में प्रदर्शित किया जाएगा।

<><><><><><><>

शिक्षा एवं खेल निदेशालय ने ग्यारह अक्टूबर को "नॉर्थ बे रोड मैराथन–4.0" का आयोजन किया। इसमें पुरुषों और स्कूली छात्रों के लिए 10 किलोमीटर की दौड़ और विम्बर्लीगंज शैक्षिक क्षेत्र की महिलाओं और छात्राओं के लिए 5 किलोमीटर की दौड़ शामिल थी। मैराथन का मार्ग चून्नबट्टा से नॉर्थ बे तक था। इस अवसर पर विम्बर्लीगंज के उप शिक्षा अधिकारी डॉ. मनोहरन, मुख्य अतिथि थे और कन्यापुरम ग्राम पंचायत के प्रधान अब्दुल बशीर और होपटाउन ग्राम पंचायत की प्रधान रशीदा विशिष्ठ अतिथि थीं। मैराथन–4.0 को कन्यापुरम ग्राम पंचायत के प्रधान अब्दुल बशीर और होपटाउन ग्राम पंचायत की प्रधान रशीदा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में साइकिल चालक बिट्टू सिंह, संदीप सिंह, निशु चोपड़ा और हरपाल सिंह उपस्थित थे, जो "नशे को नकारें" का संदेश फैलाने के लिए पूरे भारत में भ्रमण पर हैं। शिक्षा एवं खेल निदेशालय ने इन साइकिल चालकों को उनकी इस पहल के लिए सम्मानित किया। मैराथन 4.0 के प्रत्येक श्रेणी के विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नकद पुरस्कार और पदक प्रदान किए गए। इस आयोजन में कुल 180 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

<><><><><><><>

केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, मालदा, पश्चिम बंगाल में पन्द्रह किसानों का एक समूह दो अधिकारियों के साथ, शहद और छत्ते के उत्पादों के प्रसंस्करण और मूल्यवर्धित उत्पादों पर एक सप्ताह के प्रशिक्षण में भाग ले रहा है। यह प्रशिक्षण विशेष रूप से लिटिल अंडमान के मधुमक्खी पालन के लिए कमोडिटी इंटरेस्ट ग्रुप के सदस्यों के लिए डिज़ाइन किया गया है ताकि उन्हें कौशल विकास को बढ़ाने, किसानों को कृषि उद्यमी बनाने और क्षेत्र में शहद मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने के लिए सशक्त बनाया जा सके। यह व्यावहारिक प्रशिक्षण शहद निष्कर्षण, शुद्धिकरण, भंडारण और शहद एवं छत्ते के उत्पादों के उच्च मूल्य वाले उत्पादों के विकास की आधुनिक तकनीकों पर केंद्रित है।

<><><><><><><>

भारतीय वन अधिकारियों के लिए "वन प्रबंधन हेतु प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और संघर्ष समाधान कौशल" पर एक सप्ताह के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आज उद्घाटन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित हो रहा है। इसमें AGMUT, मेघालय, गुजरात, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, नागालैंड, ओडिशा, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 30 IFS अधिकारी भाग ले रहे है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों के लिए क्षेत्रीय सूचनाओं और अनुभवों का आदान–प्रदान करना, एक–दूसरे से सीखने और स्थायी प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के लिए नवीन दृष्टिकोण विकसित करना है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव पूरे देश को लाभान्वित कर रहा है। इसी कडी में आज प्रस्तुत है जीएसटी सुधारों से सशक्त होते पंजाब के विभिन्न उद्योगों पर एक रिपोर्ट...

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के खेल विभाग ने हाल ही में नेताजी स्टेडियम के बहुउद्देशीय हॉल में "पुरुष और महिला ओपन टेबल टेनिस नॉकआउट टूर्नामेंट" का आयोजन किया। इस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में 21 टीम और महिला वर्ग में 4 टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षा निदेशालय के कार्यालय प्रमुख ज्ञान शील दुबे मुख्य अतिथि थे, जिन्होंने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। महिला वर्ग के फाइनल मैच में रश्मि और शेरिन की जोड़ी ने मैच जीता जबकि पुरूष वर्ग के फाइनल में सूर्या और तबरेश की जोड़ी ने जीत हासिल की। शिक्षा निदेशालय के सहायक निदेशक मोहम्मद इरशाद अहमद ने विजेता टीमों को पदक प्रदान किए। टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और उन्हें खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना था। श्री अहमद ने युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और यह आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस तरह के खेलों का आयोजन होगा।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग पुरुष एवं महिला युगल के लिए ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित करने जा रहा है। यह टूर्नामेंट सत्रह और अट्ठारह अक्टूबर को नेताजी स्टेडियम के मल्टीपर्पज हॉल में

खेली जाएगी। इच्छुक प्रतिभागी सत्रह अक्टूबर को शाम तीन बजे तक बैडमिंटन कोच और कार्यक्रम आयोजक उदय कुमार के पास अपने नाम पंजीकृत करा सकते है। मैच शाम साढ़े चार बजे शुरू होगी।

<><><><><><><>

आज़ाद हिन्द सरकार के बयासीवीं वर्षगाठ के अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय आर्मी स्मृति समिति की ओर से सप्ताहव्यापी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सत्रह से चौबीस अक्टूबर तक चलेगी।

<><><><><><><>